वनकर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर सरकार की सद्बुद्धि के लिये किया यज्ञ

बांसवाड़ा, (निसं)। संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले अधीनस्थ वन कर्मचारी संघ जिला शाखा में वन अधिनस्थ कर्मचारी संघ, वन विभाग श्रमिक संघ, वाहन चालक संघ ने धरने के तीसरे दिन कार्य बहिष्कार एवं धरना प्रदर्शन करते हुए वन विभाग के आला अधिकारियों एवं सरकार की सद्बुद्धि के लिए हवन किया।

कर्मचारी 15 सूत्री मांगों को लेकर प्रत्येक कार्य का बहिष्कार कर रहे हैं। राज्य के विभिन्न जिला संगठनों की ओर से वन कर्मियों को पुलिस अथवा पटवारियों के समकक्ष वेतन दिलाने, कार्यभारित कर्मचारियों को वनरक्षक के पद पर समायोजित करने, वन कर्मियों को मेस भत्ता राशि 2200 रुपये दिलाने, नगद वर्दी भत्ता 7 हजार वार्षिक दिलवाने, वाहन चालकों को पदोन्नति और वर्दी दिलवाने, वन कर्मियों को साइकिल भत्ते के स्थान पर पेट्रोल भत्ता 2 हजार प्रतिमाह देने, वन अपराधों की रोकथाम के लिए हथियार एवं अन्य सुरक्षा संसाधन उपलब्ध करवाने, वन कर्मियों को हार्ड ड्यूटी अलाउंस देने जैसी 15 सूत्री मांगें लंबे समय से वन विभाग के अधिनस्था एवं वर्कचार्ज कर्मचारी कर रहे हैं लेकिन इनकी कोई सुनवाई नहीं हुई जिससे तीन दिनों से कर्मचारी कार्यबहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। राजस्थान अधीनस्थ वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मणिलाल रावत ने बताया कि संघ के प्रदेश नेतृत्व के निर्णय और आदेश की पालना में जिले के समस्त वर्क चार्ज, अधिनस्थ वन कर्मी तथा वाहन चालक भी 6 फरवरी से अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन कर राज कार्य का अनिश्चितकालीन बहिष्कार कर रहे हैं। इन लोगो ने चेताया कि यदी आंदोलन के दौरान वन विकास कार्य, अवैध कटान, वन्य जीव रेस्क्यू इत्यादि कोई कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी वन प्रशासन और राज्य सरकार की होगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में आंदोलन के चौथे चरण में जिला स्तर पर कार्य का बहिष्कार करते हुए धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन में क्षेत्रीय वन अधिकारी विश्वेंद्र सिंह चौहान, कुलदीप सिंह चौहान, घनश्याम सिंह सिसोदिया, गिरीश कुमार लबाना, सेक्टर संघर्ष समिति के जिला संयोजक फरीद उल्ला खान, जिलाध्यक्ष जयवर्धन सिंह राठौड, सहसंयोजक सुरेश गरासिया, वन विभाग श्रमिक संघ के जिलाध्यक्ष गोकुल पाटीदार, वाहन चालक संघ जिलाध्यक्ष पवन सेवक, रामचंद्र सिंह राठौड, मंजू गणावा, रामलाल डामोर, नरेश कुमार निनामा, लोकेश दावोड, लाल सिंह गरासिया, सुरेंद्र सिंह चौहान, गौतम लाल सरगरा, हीरा मीणा, अनीता डामोर, कृपा कुमारी, दीपा राठौड, बाबूलाल डामोर, धनजी पाटीदार, दिनेश परमार, दिनेश पारगी, कल्पेश पाटीदार, गीता पाटीदार, रेशम रडखिया, कृपा डामोर, यशपाल आदि शामिल रहे।

अधीनस्थ वन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले आला अधिकारियों एवं राज्य सरकार की सद्बुद्धि के लिये हवन में आहुतियां दी।

■ वन कर्मियों को अथवा पटवारियों के समकक्ष वेतन दिलाने सहित विभिन्न मांगों को की लेकर किया प्रदर्शन

प्रधानाचार्य पर अभद्रता का आरोप

डूंगपुर। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम लोकतांत्रिक डूंगरपुर को राउमावि भाणासीमल, ब्लॉक झौंथरी में कार्यरत वरिष्ठ महिला अध्यापिका ने परिवेदना प्रेषित कर जीएसएस भाणा सीमल प्रधानाचार्य नागेंद्रसिंह झाला द्वारा अभद्र व्यवहार, एवं गाली गलौच करने मारने खडे होने का प्रार्थना पत्र संगठन को प्रेषित किया।

संगठन के जिलाध्यक्ष विश्राम कटारा, जिला मंत्री हरिओम पंचाल, सुभाषचंद्र भट्ट, महिला मंत्री गंगा देवी कोटेड ने परिवेदना का हवाला देते हुए बताया कि श्रीमति मीनल पंड्या वरिष्ठ अध्यापिका भाणासीमल ने 4 फरवरी को स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य भाणासीमल ने प्रधानाचार्य झाला ने प्रधानाचार्य कक्ष में उनसे अभद्र व्यवहार करते हुए, गाली गलौच की तथा मारने खडे होने की वेदना बताई। साथ ही यह भी कहां कि वे उन्हें हमेशा मानसिक रूप से प्रताडित करते है।उक्त अभद्र व्यवहार से महिला शिक्षिका काफी डरी हुई है तथा वह अपनी सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हैं। तथा वह इतनी डरी हुई है कि वह स्थानीय विद्यालय के बजाय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पंचायत समिती झौंथरी में अपनी उपस्थिति दे रही है। वरिष्ठ अध्यापिका के साथ प्रधानाचार्य द्वारा दुर्व्यवहार करना, मारपीट करने खडे हो जाना तथा गाली गलोच करना शिक्षा विभाग के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

सार-समाचार

मांगों को लेकर ज्ञापन दिया

मंडफिया, (निसं)। कर्मचारी संघ एवं श्री सांवलिया जी मंदिर कर्मचारी एकता यूनियन (स्थाई एवं संविदा) कर्मचारियों ने अपनी 2 सूत्री मांगों को लेकर मंदिर बोर्ड अध्यक्ष एवं मंदिर के मुख्य निष्पादन अधिकारी को ज्ञापन दिया। स्थाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बिहारी लाल गुर्जर एवं संविदा कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष श्रवण कुमार शर्मा ने बताया कि मंदिर बोर्ड द्वारा बोर्ड बैठक में 28 फरवरी 2014 के प्रस्ताव संख्या 5 में मंदिर अस्थाई कर्मचारी को मंदिर संविदा में नियुक्ति दिए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया था लेकिन आज तक प्रस्ताव की क्रियान्विति नहीं की गई। प्रस्ताव के अनुसार चयनित कार्मिकों में से रिक्त पदों पर नियमित स्थाई नियुक्ति प्रदान करने की मांग की। उन्होंने बताया कि इसके अलावा शेष कार्यरत कार्मिकों को मंदिर संविदा में नियुक्ति प्रदान करने की मांग की गई। उन्होंने यह भी बताया कि श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल मंडफिया में संविदा कर्मी पिछले कई वर्षों से अल्प वेतन पर कार्य कर रहे हैं लेकिन संविदा कर्मियों को अभी तक स्थाई नियुक्ति प्रदान नहीं की गई।

सूने मकान से नकदी व जेवरात चोरी

उदयपुर, (कासं)। सूने मकान का ताला तोड़ कर नकदी व जेवरात चोरी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित खेमपुरा सोलकी रेस्टोरेंट बेडवास रोड़ प्रतापनगर निवासी माधवसिंह पुत्र रामसिंह ने प्रतापनगर पुलिस थाने मे प्रकरण दर्ज करवाया। कि 4 फरवरी को मकान पर ताला लगा कर शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गया था। वापस लौटा तो ताला टूटा हुआ एवं कमरों मे सामान बिखरा पड़ा था। इस पर तलाशी ली तो सोने के कान के एयरिंग, कान के टॉप्स, 2 अंगुठी, चैन, सोने व चादी के पायल तथा चांदी की कटोरी तथा पाच हजार रूपये नकदी गायब थी इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

नकदी वसूलने का प्रकरण दर्ज कराया

उदयपुर, (कासं)। अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पीडिता से नकदी वसूलने एवं प्रकरण में राजीनामा करने का दबाव बनाने क मामला पुलिस ने दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित लडपचा गावाडी रेलमगरा राजसमन्द हॉल यूआईटी कॉलोनी निवासी कन्हैयालाल खारौल पुत्र भेरूलाल खारोल तथा उसके साले संजय खारोल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाय कि आरोपी के खिलाफ दो वर्ष पूर्व हिरणमगरी थाने में प्रकरण दर्ज करवाया था। इस मामले में आरोपी जेल गया था। जमानत पर रिहा होने के बाद से दुबारा आरोपी मुझसे रूपयों की मांग कर रहा है तथा अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। इस संबंध में पडताल करने पर आरोपी ने सामाजिक ग्रुप में मेरे आपित्तजनक फोटो डाल दिए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई आज

उदयपुर, (कासं)। राज्य सरकार की ओर से जनराहत के लिए जारी जनसुनवाई की त्रिस्तरीय व्यवस्था के तहत 9 फरवरी को सभी उपखंड मुख्यालय के पंचायत समिति परिसर में सुबह 11 बजे से उपखंड स्तरीय जनसुनवाई शिविरों का आयोजन होगा। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने इन शिविरों में उपखंड स्तर के अधिकारियों यथा उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी, पीएचईडी, विद्युत, निर्माण, जल संसाधन, चिकित्सा आदि विभागों के अधिकारियों को भाग लेकर आमजन की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए है। वही इन शिविरों में पेयजल विद्युत स्वास्थ्य नाली सफाई खाद्य सुरक्षा समस्या आदि से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इस उपखंड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान मुख्य सचिव भी वीसी के माध्यम से चर्चा करेंगी।

ब्लैकमेल करने का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। मोबाईल पर अश्लील वीडियो तैयार कर पीडित को ब्लैकमेल कर नकदी वसूलने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित जनकपुरी प्रतापनगर निवासी भगवतीलाल पुत्र तुलसीराम सुथार ने प्रतापनगर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि एक फरवरी रात में मेरे मोबाईल पर कॉल आया। उक्त कॉल उठाने पर बातचीत करने के दौरान नग्न हालत में बातचीत कर रही महिला ने मेरी अश्लील वीडियो तैयार कर ली तथा धमकाने पर उसके कहे अनुसार पांच हजार रूपये आरोपी के खाते में जमा करवाए तथा उसके कहने पर मैने अपने कपडे उतार लिए। कुछ समय बाद उक्त वीडियों वायरल करने की धमकी देकर रूपयोंकी मांग करना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

मुख्य मार्गों से हटाया अतिक्रमण

भीम, (निसं)। पुलिस उप अधीक्षक राजेंद्र सिंह राठौड एवं सीआई संगीता बंजारा के निर्देशन पर यातायात प्रभारी एएसआई नेमीचंद चौधरी हेड कांस्टेबल भरतसिंह, एवं भीम पुलिस जॉब देने कस्बे के मुख्य मार्गो से दुकानों के बाहर अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया। भीम पुलिस ने बुधवार को विशेष अभियान शुरू कर कस्बे के ट्रक चौराया, सदर बाजार सुजाजी चौक, बलाइयों का कुआं, तहसील रोड अस्पताल मार्ग डाक बंगले आदि मुख्य मार्गों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को पुलिस प्रशासन ने हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारू करवाई। यातायात प्रभारी एएसआई नेमीचंद्र चौधरी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर कस्बे में तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक तथा शराब के नशे में वाहन चलाने वालों को चिन्हित कर चालान बनाते हुए कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

धरना तीसरे दिन भी जारी

भीम, (निसं)। वन कर्मी संयुक्त संघर्श समिति जिला राजसमन्द षाखा द्वारा अपनी 15 सूत्रय मांगो को लेकर तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। क्षैत्रीय वन अधिकारी कार्यालय भीम में चल रहे धरना स्थल पर बुधवार को भी वन विभाग के विभिन्न संवर्गो के कार्मिकों ने धरना प्रदर्षन व नारेबाजी कर राज्य सरकार से 15 सूत्री मांगो को पूर्ण करने की मांग की।

गुमशुदा बालक की तलाश

डूंगरपुर, (निसं)। मुंस्कान संस्थान द्वारा संचालित चाईल्डलाईन 1098 पर गांव लसोडिया उदयपुर से फोन पर बताया कि भेरूलाल नाम का युवक 4 फरवरी से लापता है मुझे मदद की जरूरत है।

सार-समाचार

बीएन यूनिवर्सिटी गेट पर जड़ा ताला

उदयपुर, (कासं)। भूपाल नोबल्स यूनिवर्सिटी में पूर्व छात्र की मौत पर गुस्साए छात्रों ने बुधवार को यूनिवर्सिटी गेट पर ताला जड़ दिया और छात्र गेट पर ही धरने पर बैठ गए। किसी को अंदर नहीं जाने दिया गया। छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक 21 वर्षीय चंद्रवीर सिंह राजावत सवाई माधोपुर का रहने वाला था। बीएन यूनिवर्सिटी का पूर्व छात्र चंद्रवीर आर्मी की फिजिकल परीक्षा पास कर चूका था तथा फिटनेस के लिए बीएन ग्राउंड पर दौड़ का अभ्यास कर रहा था। मंगलवार को मैदान पर दौड़ के दौरान हार्ट अटक आने से उसकी तबियत बिगड़ गई।इसके बाद अन्य छात्रों ने तुरंत यूनिवर्सिटी में खड़ी एंबुलेंस को बुलाने के लिए कॉल किया, लेकिन एंबुलेंस ने आने में देरी कर दी। ऐसे में वहां मौजूद कुछ छात्र तुरंत चंद्रवीर को बेहोशी की हालत में अस्पताल लेकर रवाना हो गए, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।छात्रों ने बताया. उन्हें डॉक्टर ने कहा कि अगर थोड़ा देर पहले लेकर आ जाते तो उसकी जान बचाई जा सकती थी। ऐसे में छात्रों का कहना है कि यूनिवर्सिटी ने छात्रों की मेडिकल सुविधा के लिए जो एंबुलेंस रखी हुई है,वह उनके कोई काम नहीं आई। अगर एंबुलेंस समय पर आती तो चन्द्रवीर की जान बच सकती थी। चन्द्रवीर की मौत से गुस्साए छात्रो ने बीएन यूनिवर्सिटी के गेट पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया।

राज्य मंत्री श्रीमाली का किया अभिनंदन

डूंगरपुर (निसं)। डूंगरपुर श्रीमाली ब्राह्मण समाज के समस्त मंत्रिमण्डल के पदाधिकारी व लक्ष्मीशंकर श्रीमाली अध्यक्ष सहित सर्किट हाउस डूंगरपुर में श्रम कल्याण सलाहकार बोर्ड के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री जगदीशराज श्रीमाली बुधवार को डूंगरपुर प्रवास पर प्रात: 7.15 सर्किट हाउस पहुंच कर इनका माल्यापर्ण एव श्रीफल के साथ स्वागत किया। इस मौके पर अध्यक्ष लक्ष्मीशंकर ने जनजाति क्षेत्र में निवासरत श्रीमाली समाज का परिचय करवाते हुए अवगत कराया कि डूंगरपुर में कुल 45 परिवार श्रीमालियों के है जिनमे 75 प्रतिशत राजकीय सेवामे एव 25 प्रतिशत व्यवसाय करते है। टीएसपी क्षेत्र में योग्य युवा प्रशिक्षण बन्धुओं को राजकीय सेवामें अधिक से अधिक लाभ दिलवाने हेतु निवेदन किया। साथ ही इस क्षेत्र में बन्धु आर्थिक रूप से पिछडे हुए है, इनको रोजगार दिलवाने हेतु भी अनुरोध किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष महेंद्र शंकर श्रीमाली,कोषाध्यक्ष सुभाषचन्द्र श्रीमाली एवं सचिव नवनीत त्रिवेदी, भण्डारपाल विनोद श्रीमाली,संगठन मंत्री राजेश त्रिवेदी तथा नीरज श्रीमाली अम्बाडा उपस्थित थे। राज्य मंत्री द्वारा हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। अंत मे नवनीत त्रिवेदी ने आभार व्यक्त किया।

युवती से मोबाइल-पर्स छीना

डूंगरपुर, (निसं)। शहर में दिन दहाडे एक बदमाश उच्चके के युवती के हाथ मोबाइल ओर पर्स छीन कर भागा खडा हुआ। युवती ने बदमाश की पीछा भी किया लेकिन उच्चका भागने में सफल रहा। युवती के चिल्लाने पर मौके पर लोगों की भीड भी जमा हो गई। पीडित युवती ने इसकी लिखित रिपोर्ट कोतवाली थाने में दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हीरता फला बायोडा निवासी अनिता रोत ने बताया को बुधवार को अपनी कुछ सहलियों के साथ डूंगरपुर के भीतरी बाजार में खरीदारी कर वापस अपने घर लौट रही थी। इस दौरान शहर के भोईवाडा से फराशवाडा मार्ग से अपनी सहेलियों के साथ घर जा रही थी। इस दौरान एक बदमाश उच्चके ने अनिता के हाथ से मोबाइल ओर पर्स छीन कर भाग गया। जिस पर अनिता ने बदमाश युवक का पीछा भी किया,लेकिन बदमाश युवक सडक के पास भोईयो की बाडी में कूद भागा खडा हुआ। अनिता के चिल्लाने पर मौके आस पास के लोग जमा हो गए। पीडिता अनिता ने बताया की पर्स में करीब तीन हजार रुपए केश रखे हुए थे। मोबाइल भी करीब 6 से 7 हजार रूपए का था। पीडिता ने कोतवाली थाने में जाकर अज्ञात बदमाश उच्चके युवक के खिलाफ लिखित प्रकरण दर्ज कराया है।

फुटबॉल प्रतियोगिता 12 से

राजसमंद, (निसं)। खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत राजस्थान फुटबॉल संघ एवं जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में राज्य में पहली बार अंडर-17 छात्रा लीग राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय के कांकरोली स्थित बालकृष्ण स्टेडियम में 12 फरवरी से होगा। जिला फुटबॉल संघ के मनोज हाडा ने बताया कि सात दिवसीय इस लीग प्रतियोगिता में राज्य की रजिस्टर्ड टीमें भाग लेंगी।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय एवं अखिल भारतीय फुटबॉल संघ प्रतियोगिता की विजेता टीम को 5० हजार और उपविजेता टीम को 3० हजार रुपए पारितोषिक रूप में प्रदान किया जाएग।

कुलपति डॉ. कर्नाटक बने कृषि अनुसंधान सेवा समिति सदस्य

उदयपुर, (कासं)। कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा मंगलवार को जारी एक कार्यालय आदेश के अनुसार, अध्यक्ष, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुमोदन से तथा कृषि अनुसंधान सेवा नियमावली के नियम 8 के अनुसार कृषि अनुसंधान सेवा समिति का पुनर्गठन किया गया है जिसमें महानिदेशक, आईसीएआर, समिती के अध्यक्ष होंगे और सदस्यों के रूप में सचिव, आईसीएआर, निदेशक, आईएआरआई, नई दिल्ली; डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक, कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर; पंकज यादव, सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, नई दिल्ली. डॉ. संजय कुमार सिंह, निदेशक, आईआईएचआर, बेंगलुरु रहेंगे और. संयुक्त सचिव (कार्मिक), आईसीएआर, समिति के सदस्य सचिव रहेंगे। डॉ कर्नाटक की यह नियुक्ति एम पी यू ए टी सहित संपूर्ण राजस्थान के लिए गर्व की बात है, डॉ कर्नाटक की कृषि अनुसंघान एवं कृषि में योगदान को देखते हुए उन्हें कृषि अनुसंघान सेवा समिती का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के लिऐ कृषि कार्मिक सेवाओं में आवश्यक सुधार एवं उनकी समस्या निवारण को उम्मीद की जा रही है। एम पी यू ए टी के सभी उच्चाधिकारियों ने कुलपति को इस नियुक्ति के लिऐ उन्हें बधाई दी। उल्लेखनीय है कि यह समिति संबंधित सभी प्रमुख नीतिगत मुद्दों पर अध्यक्ष, आईसीएआर की सहायता करेगी। समिति का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।



डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक

डेढ़ दर्जन स्कूलों का निरीक्षण कर छात्रों का शैक्षिक स्तर जांचा

बांसवाड़ा, (निसं)। प्रारम्भिक कक्षाओं में शैक्षिक स्तर में गुणात्मक सुधार के लिए संचालित राजस्थान के शिक्षा में बढते कदम की स्थिति आंकलन और गतिशीलता परखने के लिए शिक्षा निदेशक राजस्थान के आदेश पर 6 से 8 फरवरी में ब्लॉक सज्जनगढ में डेढ दर्जन विद्यालयों की पडताल के साथ ही शिक्षा विभाग बांसवाडा द्वारा सत्र 2022-23 अंतर्गत इस वर्ष होने वाले माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं परीक्षा में गुणात्मक तथा संख्यात्मक परीक्षा परिणाम उन्नयन के लिए तय किए गए सक्सेस-100 अभियान के तहत सज्जनगढ ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ विगत 2 दिनों में डेढ़ दर्जन राउमावि का मैराथन निरीक्षण कर परीक्षा परिणाम उन्नयन को लेकर विद्यालय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों को नजदीकी से जांचा और विषय अध्यापकों के साथ ही परीक्षार्थियों से भी गहन चर्चा की। अभियान के तहत बुधवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जयदीप पुरोहित, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम रुपजी बारिया तथा अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वितीय प्रकाश पंड्या ने सज्जनगढ ब्लॉक के 12 स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अंदेश्वर, टिम्बा महुडी, तांबेसरा, पाली बडी, नवागांव के अलावा टांडा रत्ना, बालिका सज्जनगढ, रोहनिया लक्ष्मण सिंह और भुरा कुआं विद्यालय शामिल है। इससे पूर्व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जयदीप पुरोहित एवं अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रकाश पंड्या ने सांतसेरा, सादडिया, कसारवाडी, टांडी बडी और महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम राउमावि डूंगरा छोटा स्कूल का निरीक्षण किया।

■ परीक्षा परिणाम उन्नयन को लेकर विद्यालय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की जानकरी ली

सीबीईओ जयदीप पुरोहित (खड़े हुए) ने स्कूल निरीक्षण के दौरान शैक्षिक स्तर की जानकारी ली।

छात्रसंघ कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

मण्डफिया, (निसं)। श्री सांवलिया जी राजकीय महाविद्यालय मंडफिया मे छात्रसंघ कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। समारोह प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया के मुख्य आतिथ्य में एवं कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह में विशिष्ट अतिथि चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम दक, एबीवीपी जिला संयोजक महेंद्र सिंह, बानसेन सरपंच कन्हैया लाल वैष्णव एवं भैरूलाल गाडरी, प्रदीप लड्ढा, राजकुमार वैष्णव थे। विद्यालय प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने छात्रसंघ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पूजा कुंवर, महासचिव सांवर लाल एवं संयुक्त सचिव प्रहलाद सुथार को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई एवं पदभार ठाहण करवाया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कटारिया ने अपना विद्यार्थी जीवन का स्मरण व्यक्त करते हुए कहा की विद्यार्थी को नियमित पढ़ाई एवं गुरुजनों का सम्मान कर एवं अपने लक्ष्य को हासिल करना चाहिए। छात्रसंघ अध्यक्ष ने अतिथियों का स्वागत कर महाविद्यालय की प्रमुख मांगे रखी एवं आभार जताया। समारोह को विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, अर्जुन लाल जीनगर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय की जो भी समस्याएं हैं, उनका हम सब समाधान करेंगे। एबीवीपी जिला संयोजक महेंद्र सिंह ने विद्यार्थी परिषद के इतिहास, विकास पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। समारोह मे परिषद के विश्वास वैष्णव, मुकेश गुर्जर, राधे सुथार, किशन जाट, शंकर सेन, हर्ष अठावाल सहित पूर्व कार्यकर्तागण, पदाधिकारीगण एवं महाविद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित थे। संचालन डॉ कुसुम टेपण ने किया। समारोह पश्चात नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने मंदिर पहुंचकर भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के दरबार के दर्शन किए एवं मंदिर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया लाल वैष्णव के निवास पर जाकर उनकी कुशल क्षेम पूछी।

नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया (बाएं) ने छात्रों को शपथ दिलाई।

समीक्षा बैठक आयोजित

भीम, (निसं)। पं. स.सभागार में बुधवार को विकास अधिकारी कैलाश पंचारिया ने सहायक अभियंता विजय बहादुरपाल सिंह, शशि तंवर , कनिष्ठ तकनीकी सहायक अमित प्रताप सिंह धर्मेंद्र झूला विजय पाल सिंह आदि के सानिध्य में बैठक आयोजित कर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। विकास अधिकारी कैलाश राम पंचारिया ने पं. स. क्षेत्र के ग्राम विकास अधिकारी कनिष्ठ सहायक रोजगार सहायक आदि को ठामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समस्त निर्माण योजना, महात्मा गांधी नरेगा योजना, मुख्यमंत्री नरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सांसद योजना, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, मगरा विकास, डीएमएफटी, पंचायती राज निर्माण योजना, राज्य 15 वां वित्त आयोग आदि सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्रगति रिपोर्ट ली। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार भांवरिया, संतोष सिंह अंकित सेन मुकेश कुमार हिंगोलीया भगवान सहाय, मोहन सिंह त्रिलोक चंद, योगेश कुमार धीरसिंह मीणा देवाराम फतेह सिंह मनोहर सिंह आदि मौजूद रहे।

विवाहिता के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कपासन, (निसं)। कपासन पुलिस ने एक विवाहिता का अपहरण कर दुष्कर्म करने और जबरन विवाह करने के मामले में मध्यप्रदेश निवासी एक आरोपी को मंगलवार शाम गिरफ्तार किया है।

एएसपी गीता चौधरी ने अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने कोर्ट के माध्यम से मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया गया कि गत 12 नवंबर की रात 8 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ी थी। इसी बीच मध्यप्रदेश के मनासा तहसील क्षेत्र के बरडिया जांगीर निवासी अशोक पुत्र उदयराम और उसके साथ चार बाइक पर सवार होकर लोग आए। पीड़िता को जबरन बाइक पर बैठाकर उदयपुर ले गए। जहां से अशोक के अन्य साथी उसे और अशोक को साथ छोड़ कर चले गए। अशोक ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर होटल में रखा और 6 दिन तक दुष्कर्म किया। इसके बाद वो इसे अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। फिर इसके बाद मध्यप्रदेश के मनासा ले जाकर जबरन विवाह कर लिया।डीएसपी चौधरी ने जांच कर मुख्य आरोपी मध्यप्रदेश के मनासा तहसील क्षेत्र के गांव बरडिया जांगिर निवासी अशोक पुत्र उदयराम ओड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

कपासन पुलिस ने विवाहिता के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा।